ont>

Title: *Need to construct a bridge from Wazirabad to Shantivan in East Delhi over river Yamuna.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पूर्वी दिल्ली में वजीराबाद पुल पर दिनांक 18 नवम्बर, 1997 को एक बस हादसा हुआ था जिसमें 28 बच्चे मर गए थे और 62 घायल हुए थे। इस घटना पर इस माननीय सदन ने भी संवेदना व्यक्त की थी। इस घटना के बाद एक कमेटी बनी। उसने इस समस्या का अध्ययन किया और घटना के लिए ट्रैफिक पुलिस को जिम्मेदार बताया तथा उस समय यह तय हुआ कि वहां एक पुल का निर्माण किया जाएगा, लेकिन महोदय, 1997 से आज तक उस पुल के निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है। अतः मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि वजीराबाद व गीता कालोनी, श्मशान घाट होते हुए शान्ति वन तक पुल के निर्माण का कार्य तत्काल प्रारम्भ किया जाए ताकि दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। आपने समय दिया उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।